प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेसवे का शुभारम्भ : कल से आम नागरिक कर सकेंगे यात्रा, 40 से 50 मिनट में तय होगा दोनों शहरों तक का सफर।
2. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ के किंगजॉर्ज मेडिकल युनिवर्सिटी के 22वें दीक्षांत समारोह को किया संबोधित : कहा– स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है भारत।
3. श्रीराम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावा प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ी : सर्वोच्च न्यायालय ने एस.आई.टी. से मांगी जांच की स्टेटस रिपोर्ट।

और

4. एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति दो दिवसीय दौरे पर पहुंची लखनऊ : वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किया विमर्श, कल राजनीतिक दलों के साथ बैठक।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज उन्नाव में 4200 करोड़ रुपए से अधिक की

लागत से निर्मित लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेस–वे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लखनऊ–हरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग के 32 किलोमीटर के एक खंड का लोकार्पण और इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर बनने जा रहे 4 लेन वाले फ्लाई ओवर का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश बेहतरीन सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रकचर और सुशासन के लिए अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे प्रदेश की कनेक्टिविटी को मज़बूत करने में अहम भूमिका निभाएगा। बाइट.....

*राज्य आज सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे का नेतृत्व कर रहा है और आज हम लोग प्रदेश की दो मेट्रोपोलिटन सिटी की ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के साथ कनेक्टिविटी, यह हमारे एससीआर को स्टेट कैपिटल रीजन के जो हमारे जनपद हैं लखनऊ के इर्द गिर्द इन सब को जोड़कर के लखनऊ को एक भारत की इकोनॉमी के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित करने के सामने किए जाने वाले उस प्रयास का हिस्सा है।*

कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राजधानी लखनऊ ही नहीं पूरे प्रदेश का तेज़ी से विकास हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आधुनिक इंफ्रास्ट्कचर और सुदृढ़ कानून व्यवस्था के चलते प्रदेश में कई बड़े निवेश आ रहे हैं, जो आने वाले दिनों में धरातल पर देखने को मिलेंगे। बाइट.....

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश का तेजी के साथ विकास हो रहा है, कुछ ही महीनों के अंदर कुछ*

*साल के अंदर नहीं कुछ और बड़ी बड़ी इंडस्ट्री लखनऊ के आसपास स्थापित होने जा रही हैं और वहां जिनको स्थापित करना है उनमें से कुछ लोगों ने हमारे मुख्यमंत्री जी से आकर बातचीत की है और अब मुख्यमंत्री जी ने सहज रूप से उसकी अपनी स्वीकृति दे दी है।*

इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आने वाले दो साल में प्रदेश में 5 लाख करोड़ के विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश समृद्ध होगा, तो देश भी समृद्ध होगा। बाइट.....

*दो हज़ार चौदह में आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार आई और इंफ्रास्टैक्चर को प्राथमिकता मिली और आज बदलते हुए उत्तर प्रदेश की तस्वीर आप सब लोग देख रहे हैं और हमारा देश का उत्तर प्रदेश एक प्रकार से हमारे देश का उदय है। अगर उत्तर प्रदेश समृद्ध होगा, संपन्न होगा, प्रगतिशील होगा, पर कैपिटल इनकम बढ़ेगा, रोजगार निर्माण होगा, एक्सपर्ट यहां से ज्यादा होगा तो हिंदुस्तान की भी तरक्की होने वाली है।*

आधुनिक सुविधाओं से लैस लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेसवे कल से यात्रियों के लिये खुल जायेगा। पेश है एक रिपोर्ट.....

*भारत के दूसरे सबसे लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर वाला 63 किलोमीटर लंबा, 6 लेन का लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेसवे, स्वचालित और अत्याधुनिक मशीन–निर्देशित निर्माण तकनीक से बना देश का पहला एक्सप्रेसवे भी है। एआई के जरिए गति नियंत्रण की प्रणाली, हर दो किलोमीटर पर आपातकालीन कॉल बॉक्स और दो एकीकृत 24×7 कंट्रोल रूम वाला यह एक्सप्रेसवे 120 किमीप्रति घंटे तक की गति के लिए डिज़ाइन किया गया है और इससे लखनऊ और कानपुर के बीच यात्रा का समय घटकर मात्र 35 से*

*40 मिनट होने की उम्मीद है। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

———————————

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों और सड़क अवसंरचना से जुड़ी प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की।

———————————

रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल युनिवर्सिटी के 22वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और मेडिकल रिसर्च में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल इलाज उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाना भी है। बाइट.....

*पिछले बारह वर्षों में भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार का लक्ष्य केवल इलाज उपलब्ध कराना ही नहीं है, बल्कि एक्सेसेबल , अफोरडेबल और क्वॉलिटी ड्राइवेन हेल्थ केयर सिस्टम बनाना भी रहा है। आज भारत स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से अपने कदम आगे बढ़ा रहा है।*

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

सर्वोच्च न्यायालय ने अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे में अनियमितता मामले में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल– एस.आई.टी. से जांच संबंधी स्टेटस रिपोर्ट सौंपने को कहा है। न्यायालय ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग से जुड़ी याचिकाओं पर केन्द्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने एसआईटी की संरचना का विवरण भी मांगा है। मामले की अगली सुनवाइ सोमवार को होगी। उधर, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावे में अनियमितता मामले में सुनवाई के दौरान एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज प्रतिभा नारायण ने आठों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ा दी है। अब आरोपियों की पेशी 27 जुलाई को होगी।

वहीं एसआईटी ने मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए धर्म सेना के अध्यक्ष संतोष दुबे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करीब एक घंटे तक पूछताछ की। संतोष दुबे ने बताया कि एसआईटी ने उनसे कुछ दस्तावेज मांगे हैं, जो उन्होंने एसआईटी को सौंप दिय हैं। बाइट.....

*एस आई टी के सम्मानित सदस्यों ने, अधिकारियों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए से हमारा पक्ष जाना। अपेक्षा की कि और भी कुछ आपके पास हो तो हम तक उपलब्ध कराएं। जो बातें उन्होंने हमसे पूछा, मैंने उनको पूरा जो हमने देखा, सुना, जाना, समझा वो सब बताया।*

———————————

एक राष्ट्र—एक चुनाव का लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति— जेपीसी आज दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचो। यह समिति विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुखों और विशेषज्ञों के साथ इस विषय पर मंथन करने के लिए राज्य के दौरे पर है। लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने बताया कि आज समिति ने प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, बैंकर्स और वकीलों से विचार विमर्श किया। कल सुबह यह समिति राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर एक राष्ट एक चनाव पर उनके विचार जानेगी। बाइट.....

*कल सुबह जो राजनीतिक क्षेत्र के लोग हैं, चाहे वह चुने हुए प्रतिनिधि हैं, राजनीतिक दल हैं, इन सबके क्या विचार हैं वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर। क्योंकि अगर एक समय पर दोनों चुनाव विधानसभा लोकसभा के होते हैं तो उससे बहुत सारी चीजों पर फर्क पड़ता है। विधानसभा के चुनाव, कभी लोकसभा के चुनाव, कभी एक राज्य के चुनाव, कभी दूसरे राज्य के चुनाव*

*तो इन सब से मुक्ति पाई जा सकती है। लेकिन अभी देखना यह है कि अलग अलग दलों के इस पर क्या विचार हैं।*

---

सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर–शाही ईदगाह मस्जिद और संभल की विवादित शाही जामा मस्जिद से जुड़े विवादों को विशेष लोक अदालत के माध्यम से सुलझाने के निर्देश दिए हैं। यह विशेष अदालत 21, से 23 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट परिसर में आयोजित होगी। कार्यवाही से पहले इन मामलों से जुड़े पक्षों को लोक अदालत से पहले होने वाली सुलह वार्ता में शामिल होने के लिए नोटिस भेजे गए हैं। ज्ञानवापी मामले में मंगलवार को वाराणसी के जिला और सत्र न्यायालय परिसर स्थित मध्यस्थता केंद्र में प्रस्तावित है। इसमें ज्ञानवापी से जुड़े विभिन्न वादों के पक्षकारों और उनके अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

ज्ञानवापी मामले से जुड़े अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी ने बताया कि अगर मध्यस्थता से कोई समाधान नहीं निकलता है, तो मामले की सुनवाई न्यायालय में जारी रहेगी।

(समाप्त)